nandgaon times jan-13-2.qxd 1/12/2025 10:56 PM Page 1

गायत्री विद्यापीठ में स्पेल-बी कॉम्पीटिशन का... पृष्ठ 2 | त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण... पृष्ठ 3


# नांदगांव टाइम्स

सोमवार, 13 जनवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 92, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए





।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।


## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनेगी धान के कटोरे की पहचान : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 11 जनवरी को इंडिया इंटरनेशनल राईस समिट 2025 में शामिल हुए। इस कार्यक्रम से केन्द्रीय खाद्य एवं वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केन्द्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार ने देश के किसानों के मान एवं सम्मान को बढ़ाने का काम किया है। किसानों की आय को दोगुना करने के लिए किसान हित में फैसले लिए जा रहे है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ को धान का कटोरा कहा जाता है। छत्तीसगढ़ में भरपूर मात्रा में धान होता है। यहां के चावल का वैल्यू एडिशन और ब्राडिंग कर इसे दुनिया के बाजारों में पहुंचाने की जरूरत है। इससे किसानों और व्यापारियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने किसानों को उन्नत कृषि को अपनाने और पानी की कम खपत वाली फसल लेने की अपील की। केन्द्रीय मंत्री गोयल ने आगे कहा कि केन्द्र सरकार और राज्य सरकार मिलकर किसानों की बेहतरी तथा छत्तीसगढ़ राज्य के तरक्की के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने छत्तीसगढ़ में राईस मिलर्स प्रमोटर्स द्वारा इंडिया इंटरनेशनल राईस समिट के आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार पोषणयुक्त चावल के उत्पादन पर



विशेष ध्यान दे रही है, ताकि किसानों को उनके उत्पादों की अच्छी कीमत मिले। छत्तीसगढ़ में राईस मिलर्स प्रमोटर्स का यह आयोजन छत्तीसगढ़ के किसानों के साथ-साथ प्रदेश के समृद्धि के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री साय इंडिया इंटरनेशनल राईस समिट को संबोधित करते हुए कहा कि आज के ही दिन अयोध्या धाम मंदिर में भगवान रामलला विराजे थे। छत्तीसगढ़ माता कौशल्या का मायका और भगवान राम का ननिहाल है। रामलला के विराजमान होने की प्रथम वर्षगांठ पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश और देश की जनता को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि धान के कटोरे छत्तीसगढ़ राज्य में इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट का आयोजन छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि धान से छत्तीसगढ़ की पहचान पूरे देश में है। अब हमें इस पहचान को अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक ले जाना है। हमारे यहां धान की जितनी प्रजातियां हैं उतनी अन्य कहीं नही है। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति गिरीश चंदेल, एपीडा के अध्यक्ष अभिषेक देव, आलोक बिसारिया, छत्तीसगढ़ राईस मिलर्स प्रमोटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश जैन सहित राईस मिलर्स एवं देश के स्टेक होल्डर्स उपस्थित थे।

## स्वामी विवेकानंद जी का जीवन छोटा था, किन्तु जीवन का उद्देश महान था - मधुसूदन

**राजनांदगांव।** 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में छात्र युवा मंच द्वारा स्थानीय कमला कॉलेज चौक में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में सचिन बघेल, अध्यक्ष, जिला केन्द्रीय सहकारी बैंक मर्यादित राज0, कमला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आलोक मिश्रा, प्राध्यापकगण डॉ0 ओकार लाल श्रीवास्तव, के के द्विवेदी, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष सुमीत भाटिया, आयोजन समिति छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु (रक्तवीर), माधव साहू, सुरेश साहू, पंकज कुंजरेकर, संदीप भट्टचार्य, सरस्वती यादव, साहिल जंघेल, एन.सी.सी. एवं एन.एस.एस. के कार्यक्रम अधिकारी कैडेट्स व स्वयंसेवकगण सहित बसंतपुर एसटी हॉस्टल के विधार्थीगण एवं वार्डवासी सम्मिलित रहें। आयोजन में स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी शिक्षा एवं आदर्शो को याद किया गया । इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन ने स्वामी विवेकानंद जी को विश्वप्रसिद्ध भारतीय विचारक, दार्शनिक एवं संत बताया जिनका जीवन छोटा था, किन्तु जीवन का उद्देश्य महान था। पूर्व सांसद ने बताया कि स्वामी जी युवाओं को राष्ट्र की शक्ति कहते थे और वे सदैव ही युवाओं के लिये प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। उन्होंने सभा में उपस्थित युवाओं को विवेकानंद जी के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में महान लक्ष्यो को हासिल करने के लिये प्रेरित किया।



## सांसद संतोष पांडे श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शामिल हुए, व्यासपीठ से लिया आशीर्वाद





**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम बिल्हरी में डोंगरगढ़ ब्लाक अंतर्गत चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम मे राजनांदगांव लोकसभा के लोकप्रिय सांसद संतोष पांडे जी शामिल हुए। उन्होंने भागवत भगवान से आशीर्वाद लिया और समस्त जिलेवासियो की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की.आयोजक समिति के सुशील नारायण शर्मा परिवार द्वारा सांसद श्री संतोष पांडे जी को फूल माला पहनाकर,श्री फल भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अपार भगवत प्रेमी, धर्मप्रेमी लोग पहुंच कर कथा श्रवन का लाभ लिए। विदित हो कि ग्राम बिल्हरी में शर्मा परिवार और ग्रामवासियो के तरफसे स्व. रेवती बाई शर्मा, स्व. पंडित पीताम्बर दत्त शास्त्री और स्व. पंडित प्रेमशंकर चौबे की स्मृति में नौ दिवसीय श्री मद भागवत यज्ञ कराई जा रही है जिसमे प्रवचन कर्ता परम आदरणीय टिकमाचार्य जी के परम प्रिय शिष्य श्री श्री 108 श्री गोपेश शरण देवाचार्य ( सिल्हाटी ) जी कथा व्यास और कु मानसी (गोविन्द प्रिया जी )उप कथा व्यास के रूप में 10 से 12 और 2 से 6 बजे तक रोज भागवत प्रवचन किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रकाश प्रसाद शर्मा, रानी शर्मा (भुत पूर्व जनपद सदस्य डोंगरगढ़ )लाल जी शर्मा, अंजू चौबे, सुशील,शर्मा, सीमा शर्मा, सुनील शर्मा, पिंकी शर्मा, अनील शर्मा, सिम्मी शर्मा, अन्नपूर्णा दुबे, अश्वनी दुबे, संध्या पाण्डेय,विपिन चौबे, प्रीति चौबे विनीता शर्मा, प्रणेश शर्मा अविनाश दुबे, आयुष शर्मा, नंद कुमार तिवारी, रवि प्रकाश मिश्रा, पोषण शर्मा, साक्षी शर्मा, आभा, निधि, प्रवया, सीपर राम लोधी, उषा सिन्हा (जनपद सदस्य डोंगरगढ़ )कविता जंघेल (जनपद सदस्य छुईखदान )अन्नपूर्णा जंघेल (नर्मदा )भागवत वर्मा (सेम्हरा ) सेवक साहू (खुर्सीपार ) भोंदू वर्मा (पूरेना ) देवसिंग सिन्हा (खैरा ) कमलेश शर्मा (रेंगाकठेरा ) रोहित वर्मा (सेम्हरा )सूरज कौशल, देवकरण सिन्हा, संजय सिन्हा ठाकुर राम सिन्हा, धनिराम साहू, भागवत सेन, और आसपास के 8,10 गांव के भागवत प्रेमी लोग पहुंच रहे है।सुशील नारायण शर्मा ने बताया कि यह भागवत कथा 15 जनवरी तक चलेगी। आयोजन कर्ता पंडित प्रकाश प्रशाद शर्मा और रानी शर्मा और समस्त बिल्हरी ग्रामवासियो ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर भागवत कथा श्रवण करने की अपील की है।

## कोमल के जिलाध्यक्ष बनने पर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने किया शानदार इस्तेकबाल

### मो. इरफान शेख के स्वागत से अभिभूत हुए राजपूत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जैसे की जिला भाजपा अध्यक्ष पद पर कोमल सिंह राजपूत के नाम की चर्चा सबसे ज्यादा चल रही थी और हुआ वैसा ही श्री राजपूत को जिलाध्यक्ष बनाने की खबर जैसे ही पहुंची भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख सहित अन्य सदस्य पदाधिकारी ने पार्टी आला कमान का तहेदिल से शुक्रिया अदा किया। वहीं नव नियुक्त भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के शानदार स्वागत में मोर्चा ने पूरी ताकत झोंक दी बाजे गाजे और आतिशबाजी के साथ पार्टी का झंडा लहराने मोर्चा के सदस्य पदाधिकारी ने पार्टी जनों सहित आम लोगों का भी मुंह मीठा किया। इस अवसर पर मोर्चा के शानदार इस्तेकबाल से गदगद हुए होते हुए श्री राजपूत ने कहा कि राजनांदगांव जिले में मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा हर मोर्चे पर सफल होती रही है



अल्पसंख्यक मोर्चा ने नगर सहित पूरे जिले में जरूरतमंदों गरीबों को भाजपा सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। श्री राजपूत ने यह भी कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों को जीत दिलाने में अल्पसंख्यक मोर्चा की मेहनत को नहीं बुलाया जा सकता। आगे नगरी निकाय और त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था का चुनाव है। इसमें भी मोर्चा और पार्टी के साथ मिलकर बेहतर रणनीति बनाते हुए प्रत्याशियों की जीत सुरक्षित करेगी।वही जनाब शेख ने कहा कि कोमल सिंह राजपूत का जिलाध्यक्ष बनाना पार्टी आला कमान का बहुत बढ़िया निर्णय है। वैसे श्री राजपूत पुराने और अनुभवी नेताओं में एक है। जिन्हें सत्ता और संगठन के बीच बेहतर कार्य करने के लिए पार्टी की बड़े नेताओं की प्रशंसा मिलती रही है। अब जिलाध्यक्ष के रूप में इन्हें सेवा का अवसर मिला है उम्मीद ही नहीं पूरा भरोसा है कि श्री राजपूत के नेतृत्व में जिला भाजपा पहले से बेहतर ऊर्जा के साथ काम कर सकेगी। इस अवसर पर उर्दू अकादमी के पूर्व अध्यक्ष अकरम कुरैशी, प्रदेश मंत्री रफीक खान, दक्षिण मंडल अध्यक्ष गोलू गुप्ता, मोर्चा के प्रदेश महामंत्री रफीक ख़ान, जिला महामंत्री ज़हीर अब्बास, जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसफ , असलम ख़ान , मंडल अध्यक्ष सलीम कुरैशी , हेमंत राजपूत , धीरज हंसा , मंत्री प्रिंस भाटिया, शुभम चौहान , तबरेज़ ख़ान , मुस्ताक ख़ान , भूरू बड़गुजर , श्री रमेश नारायणी जी , शेख आसिफ़, संजू भाई , धरेमंद्र , अरशद अली , बबलू साहू सहित मोर्चे के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## अठारह दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महाकुंभ के 17 वें दिवस सुंदरकांड पाठ संपन्न

**राजनांदगांव।** अठारह दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महाकुंभ के 17 वें दिवस 18 वीं माला का 108 वा संगीतमय सुंदरकांड पाठ श्री हनुमान श्याम मंदिर में 108 भक्त जोड़ो द्वारा किया गया । इसकी व्यासपीठ पर श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्त राजेश - गणेश की जोड़ी विराजमान हुई ।



## 18 दिवसीय सुंदरकांड महाकुंभ आज लेगा विश्राम

### हनुमान श्याम मंदिर में विनोद शर्मा के भजनों की होगी गूंज

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों के द्वारा सुंदरकांड पाठ की 18वीं माला की पूर्णाहुति पर 18 दिवसीय संत समागम एवं सुंदरकांड महोत्सव महाकुंभ के 18वें दिवस आज 13 जनवरी , सोमवार को भव्य भजन संध्या आयोजित है । इस भजन संध्या के साथ ही 18 दिवसीय महोत्सव विश्राम लेगा एवं 14 जनवरी से 19वीं माला का शुभारंभ होगा । श्री श्याम के दीवाने एवं हनुमान भक्तों की ओर से निखिल मिश्रा , श्याम शर्मा , लोकेश अग्रवाल , निकेत अग्रवाल ,अरुण खंडेलवाल , दिलीप कुलवाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दरभंगा ( बिहार ) के सुप्रसिद्ध श्याम सेवक विनोद शर्मा के द्वारा श्री हनुमान श्याम मंदिर में शाम 7:00 बजे से सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी । इसी के साथ 18 दिवस से जारी महोत्सव पूर्ण होगा। आयोजन समिति में नगर के श्रद्धालु माता - बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि सुंदरकांड महाकुंभ के इस अंतिम पड़ाव में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें ।



## सड़क विकास में लगा ग्रहण, कलेक्टर के पैदल मार्च से प्रशासन हरकत में

### एडीबी के तहत बन रही सड़क का किया पैदल मार्च खमियों का जायजा लिया, दिए चार दिनों में कब्जा हटाने के निर्देश

**छुईखदान ( नांदगांव टाइम्स )।** यहां एडीबी के तहत बन रहे छुईखदान से दनिया मार्ग के अपूर्ण स्थिति की आए दिन हो रही शिकायतों को ध्यान में रखते हुए गत दिनों जिले के कलेक्टर श्री चंद्रकांत वर्मा स्वयं नगर पंचायत पहुचकर निर्माणाधीन मार्ग का पैदल मार्च कर जायजा लिया,निरिक्षण के दौरान शासकीय आदेशों को दरकिनार कर अपनी भूमि से कब्जा नही छोड़ने वाले हितग्राहीयों के संबंध में जानकारी ली तो वहीं पर सड़क के किनारे लोगों की सुविधाओं के लिए बनें नाली पर कतिपय लोगों के द्वारा स्थाई/अस्थायीअतिक्रमण को भी चिन्हांकित किया है द्य ज्ञात हो की जब से यह सड़क का निर्माण शुरू हुआ है ।तब से कोई ना कोई बड़ा बाघा आया है।इस बाघा को दूर करने में स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधि कभी गंभीर नहीं रहे नगर विकास के लिए यह सड़क नगर वासी के लिए एक बहुत बड़ा उपहार है इस सड़क के बन जाने से छुई खदान का सोया हुआ व्यापार फिर से जागृत हो उठेगा। दुर्भाग्य यहां के जनप्रतिनिधि स्थानीय चुनाव के ही चर्चा में मस्त है। स्वंय जिला के कलेक्टर महोदय को ही इस पुनीत कार्य में आगे आना पड़ा एवं अधिकारी एवं सड़क ठेकेदार को सख्त निर्देशित किया कि समय अवधि में बिना रुकावट सड़क कार्य पूरा हो

**जिले भर के अधिकारी रहे साथ में**

जिला प्रशासन के अलावा स्थानीय प्रशासन सहित पूरा राजस्व प्रशासन कलेक्टर के दौरे से सकते में आ गए है द्य एवं हरकत में आनें की खबर है साथ ही छुईखदान-दनिया मार्ग के ठेकेदार के कर्मचारियों सहित आला अधिकारीयों को भी निर्देशित किया गया है कि किसी भी हाल मे समय सीमा के भीतर उक्त मार्ग का निर्माण पूरा किया जाए द्य पता चला है इस कार्य में आने वाले बाधाओ को हटाने के लिए चार दिनों का समय ही देने के निर्देश दिए गए है। यहां पर यह बताना जरूरी है कि उक्त मार्ग की स्वीकृति पूर्व विधायक एवं खैरागढ़ रियासत के पूर्व राजा स्व देवव्रत सिंह जी के द्वारा पूर्व शासन मे ही स्वीकृत एवं कार्य आरंभ करा लिया गया था परन्तु विकास का यह रथ नगर की सीमा के उस पार आकर रूक गया था कारण ऐसा पता चला है कि कुछ मकान को हटाना बाकी है या ऐसा कहे कि उन लोगों ने अभी तक नहीं हटाया है द्य ऐसा पता चला है कि नगर के ही कुछ लोगो के द्वारा अपनी कुछ समस्यों का समाधान की मांग बताई जा रही थी,जिंसके चलते ठेकेदार की ओर से हाथ खीच लिया गया था जबकि उकत् मार्ग के निर्माण के लिए ठेकेदार कंपनी की ओर से पूरा सड़क खोदकर नाली का भी निर्माण करा लिया गया था परन्तु सड़क नही बन पानें के चलते जगह जगह गड्ढे,उस पानी गर्मी में धूल के गुबार और दुर्घटना की आशंका के बीच लोग जीवन यापन करने पर मजबूर थे जैसे तैस उच्च स्तर पर शिकवा शिकायत के बाद ठेकेदार की ओर कार्य प्रारंभ किया गया तो कुछ लोगों की ओर से मकान नही हटाए जाने के कारण कार्य रूक सा गया था जिसकी जानकारी जिले के कलेक्टर को मिलने पर उनके द्वारा स्वयं मामले को संज्ञान मे लेते हुए मामले का भौतिक निरिक्षण करते हुए पूरे छुईखदान में बिजली ऑफिस से लेकर पैदल मार्च कर स्थिति का जाएजा लिया गया कब्जाधारियो को कब्जा हटाए जानें एवं नाली पर अतिक्रमण करने वालों को हटाए जाने के लिए सीमित समय दिए जाने की खबर है देखना यह है कि अब जिले के कलेक्टर द्वारा दिए गए आदेश/निर्देशों का कितना अमल स्थानीय प्रशासन की ओर से किया जाता है। कल हुए इस दौरे में अपर कलेक्टर एवं ह्यस्त्रद्व रेणुका रात्रे तहसीलदार नेहा ध्रुव मुख्य नगर पालिका अधिकारी कमलनारायण जघेल प्रशांत वर्मा ठेकेदार के उच्च कर्मचारी पाठक सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



## निकाय चुनाव ईवीएम से करना कहीं हार का संकेत तो नहीं - रोशनी सिन्हा

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व शहर अध्यक्ष(म का ) छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी के सचिव व प्रदेश प्रतिनिधि श्रीमती रोशनी सिन्हा ने डिप्टी सीएम श्री अरुण साव के बयान को जनता से मजाक बताया, क्योंकि 15 दिन पहले डिप्टी सीएम अरुण साव का बयान आया था कि निकाय चुनाव वैलेट पेपर से होगा किंतु आज अपने बयान को बदलते हुए निकाय चुनाव वैलेट पेपर के बजाय ईवीएम से कराने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग को चिट्ठी लिखी है 15 दिन में ऐसे क्या हो गया कि वैलेट पेपर की जगह ईवीएम से चुनाव करना चाहता है कहीं हार का संकेत तो नहीं, 2014 में नगरीय निकाय चुनाव ईवीएम मशीन से कराया गया था और 2019 में राज्य सरकार के द्वारा बदलकर वैलेट पेपर से कराया गया, क्योंकि कई जगह ईवीएम मशीन में गड़बड़ी पाई गई थी जिससे जीत के प्रति आस्वस्थ प्रत्याशी संतुष्ट न होकर उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था । इसलिए राज्य सरकार के द्वारा यह प्रक्रिया को बदलकर पुन: वैलेट पेपर से चुनाव कराने का प्रस्ताव रखा और अमल करते हुए 2019 में बैलट पेपर से चुनाव संपन्न कराया, प्रत्यक्ष प्रणाली से महापौर का चुनाव भी उचित नहीं है फिर भी इसको जनता स्वीकार करती है लेकिन वैलेट पेपर की जगह ईवीएम से चुनाव करना कतई उचित नहीं ।




# गायत्री विद्यापीठ में स्पेल-बी कॉम्पीटिशन का शानदार आयोजन



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शिक्षा व संस्कार के क्षेत्र में जिले की अग्रणी संस्था गायत्री विद्यापीठ में स्पेल-बी प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के बीच यह प्रतियोगिता का आयोजित करवाई गई।

शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर के मार्गदर्शन में इंग्लिश विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास के साथ-साथ अध्ययन एवं वाचन कौशल का विकास के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में पारंगत कर उनके ज्ञान को विकसित करना है। आयोजन में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन के साथ स्वागत, उद्बोधन शाला की प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने पालकों का स्वागत अभिनंदन करते हुए टीम का उत्साहवर्धन किया और कहा कि इंग्लिश एक अंतर्राष्ट्रीय भाषा है, इस दिशा में ऐसे कार्यक्रम के माध्यम से आप अपने विषय में दक्षता के साथ-साथ विभिन्न विधा में पारंगत होते है। आप में संगठन की शक्ति बढ़ती है, आपमें एकजुट होकर कार्य करने की भावना विकसित होती है। उक्त प्रतियोगिता में कुल 5 टीम के प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रत्येक टीम में 6 सदस्यों की भागीदारी रही। कुल 11 चरणों में बच्चों के ज्ञान को परखा गया। पहले चरण में आलमंड राउण्ड, दूसरे में वर्ड क्रेस्ट, तीसरे में ऑडियो राउण्ड, चौथे में जर्नी फ्राम लेटर टू वर्ड, पांचवें में राइड मी दोस, छठवें में इन्टरव्यू राउण्ड, सातवें में स्पेलिंग राउण्ड आदि प्रस्तुत किया गया। सभी चरणों में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जिसमें उनके ज्ञान व बुद्धि कौशल पर आधारित प्रश्न थे, जिनका बच्चों ने सटीक जवाब दिया। कार्यक्रम के अंत में पालकों द्वारा भी कार्यक्रम की सराहना की गई। उक्त प्रतियोगिता में प्रथम स्थान टीम-डफोडिल रही, द्वितीय स्थान पर ऑर्चिड की टीम रही। सभी पांचों टीम के मेंटर रहें शाला के शिक्षक श्री मेलकम दास, श्री राहुल जैन, सुश्री पलक लोहिया, श्रीमती हनी टॉक एवं श्री नीरज साहू। अंक संगणक की भूमिका में आमंत्रित थे श्रीमती धनश्री अवथनकर एवं श्री जयप्रकाश साहू। साथ ही साथ शिक्षक श्री विमल शर्मा, श्रीमती वाणी मुदिराज, शिक्षक याददास साहू, संगीत शिक्षक श्री प्रशांत कुशवाहा, श्री दिनेश साहू का भी योगदान रहा। व्याख्याता श्री आशीष सोनवानी द्वारा संपूर्ण कार्यक्रम की वीडियोग्राफी एवं तकनीकी योगदान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती गुरविंदर कौर, श्रीमती अंजली सोनवानी द्वारा किया गया। इस अवसर पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष श्री बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष श्रीमती श्रीमती संध्यादेवी सिंघल, श्री राजेश जैन, सचिव श्री गगन लड्ढा, सहसचिव श्री निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष श्री सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक श्री नंदकिशोर सुरजन, श्रीमती सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी श्री हरीश गांधी, श्रीमती रूपाली गांधी, एकेडमिक डायरेक्टर श्री अमित उत्तलवार, प्राचार्य श्रीमती शैलजा नायर, उप प्राचार्य श्रीमती रश्मि ठाकुर, प्रशासक श्री अनिल वाजपेयी, स्कूल मैनेजर श्री तरणजीत सिंह टूटेजा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने शुभकामनाएं दी।

# कलयुग मे भगवान राम नाम ही सार : प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा



**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मरेठा नवागांव (करमतरा)नवयुवक मानव समिति एवं समस्त ग्रामवासी मरेठा नवागांव के तत्वाधान में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन 11 एवं 12 जनवरी को किया जा रहा है। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश महामंत्री, डोंगरगांव शेडो विधायक भरत वर्मा के मुख्य अतिथि में हुआ। मुख्यअतिथि भरत वर्मा ने जय श्री राम, पवनसुत हनुमान की जयकारा लगाते हुए संबोधित करते हुए कहा कि आज बड़े सौभाग्य का दिन है विभिन्न मानस मंडलियो के माध्यम से भगवान के चरित्र को सुनने का सौभाग्य मिला है ऐसे आयोजन के लिए आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किया उन्होंने कहा कि कलयुग मेंभगवान श्री राम नाम, राम नाम ही सार है. 84 लाख योनि के पश्चात हमें मनुष्य जन्म मिला है उसमें हमें अपने जीवन को भगवान के चरणों पर ध्यान लगाना चाहिए। जिससे मनुष्य जीवन कृतार्थ हो जाएगा।सनातन संस्कृति को बचाकर रखना हम सब की महती जिम्मेदारी है 500 वर्ष बाद भगवान श्री राम की मूर्ति स्थापना प्राण प्रतिष्ठा हुई। हिंदू समाज को जोड़ने का सौभाग्य हुआ. श्री वर्मा ने आगे कहा कि आज के युवा मोबाइल में रील देखने में लग गए हैं जिससे समाज की दशा और दिशा से भटक गए हैं उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि अपने माता-पिता और गुरु के बताएं मार्ग पर चले और अपने और अपने माता-पिता के सपनों को साकार करें। प्रदेश महामंत्री श्री वर्मा ने केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को ग्रामीणों को अवगत कराया और ग्रामीणों की मांग पर स्वीकृति कराने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम में याददास साहू समाजसेवी टुमन लाल साहू, डायमन नेताम, भीमसेन साहू, देवा, डेमन सार्वा,मिलन सार्वा, हेमराज गंगबेर, गितेश ठाकुर, हेमराज साहू,दीपचंद साहू, मनीराम यादव,लक्ष्मी नारायण साहू,उमाकांत पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मौजूद रहे।

## राजनांदगांव स्वर्णकार संघ राजनांदगांव डॉ राजू मोहबे अध्यक्ष एवं राजू सोनी सचिव बने

**शितला मंदिर मोती नेहरू पार्क में बैठक आयोजित किया गया।**

**राजनांदगांव** -जिला स्वर्णकार संघ की एक बैठक अध्यक्ष एवं पदाधिकारी के चयन हेतु रखी गई। बैठक समस्त स्वर्णकार संघ के



सदस्यों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष एवं पदाधिकारी का चयन किया गया जिसमें डॉ राजू मोहबे को राजनांदगांव जिला स्वर्णकार संघ का अध्यक्ष चुना गया वही उपाध्यक्ष के नरेश सोनी एवं ईश्वर सोनी तथा सचिव पद के राजू सोनी, कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, सहसचिव विवेक रंजन सोनी संरक्षण पद के लिए नारायण प्रसाद सोनी,बी आर सोनी, राकेश कन्नौजे,शंकर लाल नागवंशी, कानूनी सलाह कार नारायण प्रसाद कन्नोजे को नियुक्त किया गया इस अवसर पर राजनांदगांव जिला स्वर्णकार संघ बारेलाल सोनी,महेश सोनी,सूरेन्द सोनी,अनिल नागवंशी,, दिलीप सोनी, ऐश्वर्य सोनी, सुर्यकांत चौधरी, प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# छात्रों के जीवन में आशा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के रंग भरने वाले शिक्षाविद समीर गजभिये



**राजनांदगांव।** शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना ही नहीं है, बल्कि जीवन में आशा, आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता के रंग भरना भी है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए राजनांदगांव के समीर गजभिये सर ने शिक्षा के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों के जीवन में बदलाव लाया है। 2013 में उनके द्वारा स्थापित त्तथागत पीएससी ट्यूटोरियल्सज् न केवल एक शिक्षण केंद्र है, बल्कि सपनों की उड़ान भी है, जिसने हजारों छात्रों के सपनों को आकार दिया है। गौरतलब है कि गरीब और जरूरतमंद छात्रों की सहायता करने के लिए समीर सर ने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। उन्होंने नि:शुल्क किताबें उपलब्ध कराई और हर छात्र के भीतर छिपी संभावनाओं को निखारने का प्रयास किया। उनके मार्गदर्शन में अनेक छात्र न केवल प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल हुए, बल्कि उन्होंने अपने जीवन के अंधकार को सफलता की रोशनी से भर दिया। समीर गजभिये सर शिक्षाविद के साथ साथ समाज के प्रति गहरी संवेदनशीलता रखने वाले इंसान हैं। उनका मानना है कि ऐसी शिक्षा कोई काम की नही है जिसमें लोकहित और संवेदनाएं न जुड़ी हो। पर्यावरण के प्रति हमारी ज़िम्मेदारियाँ अन्य महत्वपूर्ण कार्यों की तरह सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक होनी चाहिए। आज के समय में पेड़ लगाना अच्छी बात है लेकिन उससे भी अधिक महत्वपूर्ण यह है कि उन्हें कैसे संरक्षित किया जाए। वे छात्रों को हमेशा यही कहते है कि रील की दुनिया से बाहर निकलो। कोई भी चीज तभी उपयोगी होती है जब वह संतुलित हो। कम मेहनत में रातों-रात सफलता की कामना करना अतिशयोक्ति है। यदि आप किसी भी तरह से सफल हो भी जाएं तो उसमें स्थिरता हासिल करना कठिन होता है। इसीलिए अपना ध्यान सिर्फ पढ़ाई पर ही केंद्रित रखें, इससे नए रास्ते खुलेंगे।

## जनपद सभापति ओमप्रकाश साहू ने कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल होकर खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** ब्लॉक के बुंदेलीकला में क्षेत्रीय जनपद सदस्य सभापति ओमप्रकाश साहू रविवार को आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में शामिल हुए।



ओमप्रकाश साहू ने कहा कि खेल से टीम वर्क और नेतृत्व की भावना बढ़ती है तथा जीवन में नई ऊर्जा का संचार होता है। खेल से स्वस्थ शरीर एवं मस्तिष्क का विकास होता है। बुंदेलीकला में लगातार कई वर्षों से सुंदर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होता है, उसने लिए सभी ग्रामवासी बधाई के पात्र है। इस अवसर पर अजय वर्मा और रेखा राम साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य तथा बड़ी संख्या में कबड्डी प्रेमी भी कार्यक्रम में मौजूद थे।

## युवा दिवस स्वामी विवेकानंद जयंती शीतला मंदिर में मनाई गई



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज दिनांक 12 जनवरी शीतला मंदिर माता देवाला प्रांगण बूढ़ासागर में स्वामी विवेकानंद जयंती उत्साहपूर्वक मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व महापौर श्रीमती हेमा देशमुख द्वारा पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण किया गया। तदुपरात दोपहर में जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने भी अपने साथियों के साथ उपस्थिति दी। तथा कायस्थ समाज द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के मूर्ति में माल्यार्पण किया गया। पुजारी परिवार एवं जनहित मंच द्वारा उपस्थित गोलछा जी, दुष्यंत, वर्गीस, आकाश दास, रितेश शर्मा, सुरेश पंजवानी, गुणवंत पटेल, सुरेन्द्र पांडे, नितेश हरिहारनो, कादिर बडगुजर, भारतभूषण दुबे, महादेव सिंह चंदेल, सुदेश यदु, किशोर गुप्ता, नागेश श्रीवास्तव, भोला श्रीवास्तव, दीपक यादव, भरत महोबिया, अंकित, विजय कौशिक, राजू झा, गिरीश परिहार, पीयूष दुबे, चंद्रप्रकाश, नारायण कन्नौजे अधिवक्ता, मंगल दुबे, अखिलेश गुप्ता, नवीन दुबे उपस्थिति रही। उक्त कार्यक्रम में शरद तिवारी वरिष्ठ पत्रकार, सुरेश दुबे, धन्नू सोनी का शाल श्रीफल पहनाकर सम्मान किया गया। माल्यार्पण के उपरांत मोटर साइकिल रैली निकालकर कमला कॉलेज रोड स्थित स्वामी विवेकानंद जी की आदमकद प्रतिमा में माल्यार्पण किया गया। पुलाव का प्रसादी वितरण किया गया। सभी उपस्थित सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। यह जानकारी मंदिर पुजारी राज दुबे/ जनहित मंच के अध्यक्ष देवेन्द्र मोहन लाला देबू द्वारा दी गई।

## नवनियुक्त जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत का बजरंगियों ने किया ऐतिहासिक स्वागत

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लंबे समय के इंतजार के बाद भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष पद की घोषणा हुई,



जिसमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पूर्व में रहे जिला एवं प्रांत संयोजक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके कोमल सिंह राजपूत अध्यक्ष के रूप में नियुक्त हुए। घोषणा के पश्चात राजपूत का महावीर चौक स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में दर्शन आशीर्वाद हेतु पहुंचे, जहां पर बजरंग दल के बजरंगियों ने फूल-माला पहनाकर तथा पटाखे फोड़ कर उनका स्वागत किया। बीजेपी द्वारा की गई इस घोषणा ने बजरंगियों में नई ऊर्जा प्रवाहित कर दी तथा धर्म, गौमाता एवं राष्ट्र हेतु सेवा करने की उनकी ललक और भी बढ़ गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी के समस्त पदाधिकारी एवं सैकड़ों बजरंगीजन उपस्थित रहे। उक्त जानकारी वर्तमान जिला संयोजक सुनील सेन ने दी।

## युवा दिवस पर बाटें हेलमेट, युवाओ को किया हेलमेट के लिए जागरूक

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** स्वामी विवेकानंद जयंती एवं राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर नगर के युवा हेलमेट संगवारी धर्मेन्द्र साहू ने सड़क पर चल रहे युवाओं को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक कर हेलमेट प्रदाय किया तथा हेलमेट पहनकर ही बाइक चलाने के लिए युवाओं से निवेदन किया !



**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ0ग0)**

**//ज्ञापन //**

**5727/ वाचक / नजूल / 2024 क्रमांक / खैरागढ़, दिनांक 09/01/2024**

प्रति,
राजस्व निरीक्षक नजूल, छुईखदान,
विषय-स्थल जांच एवं पंचनामा प्रतिवेदन प्रस्तुत करने बाबत।
संदर्भ- इस न्यायालय का रा.प्र.क्र.20.250129150000537-6/2024-25

उपरोक्त विषयांतर्गत संदर्भित प्रकरण में आवेदक दीपक वैष्णव स्व0 त्रिभुवन वैष्णव निवासी छुईखदान तहसील-छुईखदान, जिला खैरागढ़-छुईखदान-गंडई द्वारा नगर छुईखदान मोहल्ला पावरहाऊस ब्लाक नं. 6सी स्थित भूखण्ड क्रमांक 48 रकबा 309 वर्गफूट भूमि भूवनदास एवं त्रिभुवनदास दोनों पिता स्व0 छबिदास तथा गयाबाई पति स्व0 छबिदास के संयुक्त नाम पर दर्ज है। सहखातेदारों का का फौत हो जाने के कारण उक्त वादभूमि पर आवेदक विधिक वारिसान का नाम पर फौती नामांतरण किए जाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त प्रकरण में विधिक वारिसान मय पंचनामा एवं नजरी-नक्शा सहित बिन्दुवार जॉच प्रतिवेदन नियत्त पेशी दिनांक 28-01-2025 के पूर्व अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**नजूल अधिकारी**
**जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई (छ.ग.)**

सील

## सप्ताह के सितारे (13 जनवरी 2025)

## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 6- 9 - 0 | 69-96-60-06-90-09 |
| मंगल | 2- 5 - 8 - 9 | 25-52-29-91-59-95 |
| बुध | 4 - 5 - 6 - 0 | 45-54-46-64-40-04 |
| गुरू | 2- 3 - 6 - 0 | 24-42-26-62-20-02 |
| शुक्र | 3 - 5 - 6 - 7 | 49-94-56-65-50-05 |
| शनि | 1 - 7 - 8- 9 | 19-91-79-97-89-98 |

अंकों का बादशाह -0 सप्ताह में अचूक 1 - 3 - 7 - 8

सप्ताह का वरदान -5 स्पेशल - 12- 36 -76 -86

सप्ताह में देखे

| | |
|---|---|
| (1) 11 - 13 - 17 - 18 | (6) 61 - 63 - 67- 68 |
| (2) 21 - 23 - 27 - 28 | (7) 71 - 73 - 77 - 78 |
| (3) 31 - 33 - 37 - 38 | (8) 81 - 83 - 87 - 88 |
| (4) 41 - 43 - 47 - 48 | (9) 91 - 93 - 97 - 98 |
| (5) 51 - 53 - 57 - 58 | (10) 01 - 03 - 07 - 08 |

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 72-34-21-32-21-42 | 50-22-16-82-36 |
| 58-84-00-67-06-98 | 03-52-58-30-08 |
| 03-82-29-90-14-66 | 52-31-89-77-76 |
| 02-40-92-85-00-88 | 83-54-89-92-24 |
| 91-69-60-71-85-20 | 16-00-62-04-19 |

**चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।**

संपादक

# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अध्यक्ष महोदया जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के निर्देशानुशार एवं तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्षता में दिनांक 11.01.25 दिन शनिवार को शास कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय में आयोजित पीएम श्री शिविर मे विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया इस शिविर की अध्यक्षता जिला एवम् अपर सत्र न्यायाधीश श्री अनिष दुबे जी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्री शैलेश कुमार वशिष्ठ जी के द्वारा किया गया । उनके द्वारा छात्राओं को विस्तारपूर्वक बालको का लैंगिग अपराधो से सरंक्षण अधिनियम पोक्सो कानून के बारे में,मोटरयान दुर्घटना , महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों से, साइबर सुरक्षा की विस्तृत जानकारी, लैगिंग संवेदनशीलता , कानूनी रूप से महिलाओं के लिए विधिक सहायता , घरेलू हिंसा, बाल संप्रेषण गृह तथा पोक्सो से पीड़िता को पीड़ित क्षतिपूर्ति, भरण पोषण अधिनियम धारा 125 आदि अन्य विषयों पर सरल एवं सहज भाषा में जानकारी से अवगत कराया गया। साथ ही छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया ताकि भविष्य में कोई भी छात्रा किसी व्यक्ति पर निर्भर नहीं होना पड़े। मजिस्ट्रेट महोदय द्वारा बताया गया कि देश की न्यायपालिका सर्वोच्च हैं इसके समक्ष कोई व्यक्ति कितना ही ताकतवर कोई ना हो न्यायलाय के समक्ष उस व्यक्ति को माथा टेकना पड़ता है। महोदय जी द्वारा बताया गया कि न्यायपालिका के नियमों का पालन करे और उलंघन करने वाले को सजा दिलाए । इसके अलावा लोक अदालत और नालसा विधिक सेवा हेल्पलाइन 1930, महिला हेल्पलाइन आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलिंटियर अशोक कुमार पाण्डेय एवं पवन कुमार उपस्थित रहे।

## टोलागांव मे 25 को,जय श्री राम के नाम विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अयोध्या में श्री राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर यह आयोजन श्री राम के नाम



विशाल रक्तदान के शुभ अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन दिनांक 25 जनवरी दिन शनिवार को स्थान टोलागांव(ब्राह्मण भेड़ी) विकासखण्ड अम्बागढ़ चौकी,जिला मोहला, मानपुर, अम्बागढ़ चौकी में आयोजित किया गया है। जिसमे मुख्यअतिथि श्रीमती तुलिका प्रजापति कलेक्टर,श्री विजेन्द्र सिंह पाटले अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी, श्रीमती प्रेमलता चंदेल अपर कलेक्टर,श्री पी सी लहरें सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग,श्री एस आर मंडावी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्री विकास राठौर जिला कार्यक्रम प्रबंधक राष्ट्रीय स्वास्थय मिशन, श्री एफ आर कोसरिया जिला शिक्षा अधिकारी शिक्षा विभाग, श्री चिन्ता राम नायक जिला संघचालक, श्री मनहरण पिथौरा सह संघचालक,श्री सतीश खंडेलवाल नगर संघचालक अं चौंकी आयोजक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, सत्यम ब्लड ग्रुप एवं जनकल्याण समाजिक संस्था, स्वामी विवेकानंद युवा उत्थान संगठन, किसान युवा मंडल एवं समस्त ग्रामवासी टोला गांव में आप सभी साथीगण सादर आमंत्रित हैं।

**आम सूचना**

मै पंचबती साहू पति खेमचंद साहू निवासी ग्राम मालूद तहसील खैरागढ जिला केसीजी (छ.ग.) का रहने वाली हुं। मेरी पुत्री कुमारी भूमिका का जन्म 26/5/2011 को हुई थी उनके स्कूली शैक्षणिक प्रमाण पत्र में भी जन्म तिथि 26/5/2011 अंकित है जो की सही है। किन्तु आधार कार्ड मे मेरी पुत्री का नाम भुनेश्वरी साहू और जन्म 8/6/2011 अंकित हो गया जो गलत है।

मै अपनी पुत्री का नाम व जन्म तिथि स्कूली शैक्षणिक प्रमाण पत्र के अनुसार आधार कार्ड मे रखना चाहता हुं। जिसे राजपत्र मे प्रकाशन की आवश्कता है।

अतः यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हुं।

दिनांक 10/1/2025

**पंचबती साहू**
**पति खेमचंद साहू**
ग्राम मालूद तहसील खैरागढ
जिला केसीजी (छ.ग.)

## सांकर दाहरा में बौद्ध समाज की बैठक संपन्न

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** परिक्षेत्र स्तरीय बौद्ध समाज की आज 12 जनवरी को छत्तीसगढ़ का मोक्षधाम के रूप में पारित सांकर दाहरा में बौद्ध समाज की परिक्षेत्रीय बैठक का आयोजन मुख्य अतिथि एवं समाजसेवी कन्हैयालाल खोब्रागड़े के मुख्यआतिथ्य में संपन्न हुआ, जहां 13 शाखाओं के जन्म प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया जिसमें डोंगरगांव, बेंदरकट्टा दर्री, जोंधरा, उमरवाही, मनहोरा, बननवागांव, कुमरदा, बादराटोला, धनगांव, चांदो , भंडारीभरदा, बंशीबंजारी, देवरी, खुज्जी के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया जिसमें समिति गठन को लेकर एवं सामाजिक स्तर पर संगठन को मजबूत बनाने एवं प्रतिमाह एक बार बैठक को अनिवार्य करने के संदर्भ में चर्चा हुई , साथ ही आगामी 02 फरवरी को समिति पदाधिकारी के चयन पर चर्चा हुई इस अवसर पर मुख्य रूप से विजय रंगारी , डी.पी. लोन्हारे , धनेश मेश्राम , डी.पी. डोंगरे, कपिल कुमार गौरकर , रमेश मेश्राम, रविंद्र चैरे भोजलाल मेश्राम , चैतुराम बंजारी , अनिल बंजारी आदि उपस्थित रहे।

## ज्ञान मंथन

*1) फर्जी एसएमएस से निपटने के लिए दूरसंचार विभाग ने 29 मई, 2024 को कौन-सी पहल शुरू की?*
*2) किस निजी बैंक ने लक्षद्वीप में अपनी पहली शाखा स्थापित की हैं?*
*3) स्टार्टअप महाकुंभ 2024 का केन्द्रीय विषय क्या है?*
*4) किस युद्ध से भारत में मुस्लिम शक्ति की स्थापना हुई?*
*5) राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग का अध्यक्ष किसे नियुक्त किया गया है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) संचार साथी पहल (2) एचडीएफसी (3) भारत इनोवेट्स (4) तराइन का द्वितीय युद्ध (5) डॉ.बी.एन.गंगाधर

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण की स्थिति से ओबीसी समाज नाराज - भागवत साहू

## कहा - सत्ता सीन भाजपा को चुनाव में उठाना पड़ेगा नुकसान

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ कि भाजपा सरकार द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग को ठगने का काम किया गया है यह आरोप लगाते हुए अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधि साहू समाज के जिला अध्यक्ष भागवत साहू ने इसका गणित बताते हुए कहा कि जिला पंचायत में 13 सीट में से सिर्फदो सीट एक महिला और एक पुरुष ओबीसी को दिया गया है यह पर्याप्त नहीं है जनपद पंचायत में भी 25 में से सिर्फ7 सीट दी गई है इसी तरह सरपंच में 114 में से सिर्फ 35 सीट ओबीसी आरक्षित की गई है। वर्तमान जिला पंचायत में ओबीसी सीट ज्यादा है। आने वाले चुनाव में ओबीसी को बड़ा घाटा सहना पड़ेगा यह छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव जिले की बहुसंख्यको ओबीसी आबादी के साथ सरासर छल है। आवश्यकता पड़ी तो ओबीसी समाज सड़क की लड़ाई लड़ेगा लेकिन इतना तय है कि इसका करारा जवाब चुनाव में वॉलेट के माध्यम से सत्ता सीन भाजपा को मिलेगा।

श्री साहू ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के चुनाव के लिए जारी हुई आरक्षण सूची देख कर बहुत दुख हुआ कि इस बार ओबीसी वर्ग के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। पिछले चुनाव में 7 सीटें ओबीसी समुदाय से आने वाले प्रतिनिधियों के लिए आरक्षित थीं। ये पूरे समुदाय के साथ नाइंसाफी है। आरक्षण सिर्फ 16 सीटों पर अनुसूचित जनजातियों को दिया गया है जो 33 सीटों के 50त्न से भी कम है। आरक्षण के साथ इस तरह की छेड़-छाड़ पिछड़े वर्ग से उनका अधिकार छीनने का षड़यंत्र है। सरकार से अपेक्षा है कि उचित भागीदारी निश्चित करे और इन पदों पर कैबिनेट से पारित कर कम से कम पहले के जैसे 75त्न आरक्षण तय करे। भाजपा की सरकार ने पूरे प्रदेश में षडयंत्र पूर्वक ओबीसी के आरक्षण में कटौती किया है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी



आरक्षण खत्म हो गया है। प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। मैदानी क्षेत्रों में अनेकों पंचायतें ऐसी है जहां पर लगभग 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है। साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब सामान्य सीटे घोषित हो गई है। इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षडयंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है उसके परिणाम सामने हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पंचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है।

भारतीय जनता पार्टी की सरकार के बदनियति से चलते अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित हो गए हैं। स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण के संदर्भ में साय सरकार ने जो दुर्भावना पूर्वक संशोधन किया है वह ओबीसी वर्ग के साथ अन्याय है, अत्याचार है। भारतीय जनता पार्टी का मूल चरित्र ही आरक्षण विरोधी है, जब ये विपक्ष में थे तब विधानसभा में सर्वसम्मति से पारित छत्तीसगढ़ नवीन आरक्षण विधेयक को रोका जिसमें अनुसूचित जनजाति को 32 प्रतिशत और अन्य पिछड़ा वर्ग को 14 से बढ़कर 27 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान था, 2 दिसंबर को पारित यह विधेयक भाजपा के षडयंत्रों के चलते ही आज तक राजभवन में लंबित है। अब स्थानीय निकाय चुनावों में आरक्षण के नियमों में बदलाव करके ओबीसी अधिकारों में दुर्भावना पूर्वक कटौती किया गया है।

# स्वामी विवेकानंद युवा अभिप्रेरणा के महान संत - द्विवेदी



**राजनांदगांव।** अखिल विश्व में विशिष्ट पहचान एवं अदभुत विचार दर्शन तथा युवाओं के सर्वश्रेष्ठ मार्गदर्शक स्वामी विवेकानंद जी की शुभ जन्म जयंती परिप्रेक्ष्य एवं अत्यंत मंगल अवसर पर नगर के संस्कृति प्रज्ञ डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने विशेष आह्वान चिंतन -विमर्श में बताया कि श्रेष्ठ सार्थक अर्थो में अपने समय के अतिशय विलक्षण संत स्वामी रामकृष्ण परमहंस के परमप्रिय शिष्य स्वामी विवेकानंद जी युवा अभिप्रेरणा के महान संत हुए है जिनकी वाणी और अमर वाक्य - दुनिया में कुछ भी असंभव नहीं है, उन्नति के मार्ग पर रहें अग्रसर, हमेशा कुछ न कुछ सीखते रहे, जीवन में जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी और सर्वाधिक ओजपूर्ण कथन - च्उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक तुम अपने लक्ष्य को नहीं प्राप्त कर लेतेज्। स्वामी जी को युवाओं का महानायक एवं सर्वश्रेष्ठ युवा आदर्श सहज-सरल रूप में अभिप्रमाणित कर देते है। देश-धरती में उत्कृष्टतम सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए स्वामी विवेकानंद जी हमेशा युवाओं को ही प्राथमिकता देते है, उनका मानना था कि युवा ही देश के भविष्य है। युवाओं को ही देश की उन्नति-उत्थान के लिए आगे होकर कार्य करना चाहिए। आगे डॉ. द्विवेदी ने जोर देकर बताया कि स्वामी जी के अनुसार अधिसंख्य जनों को शिक्षित होकर कर्मयोग के सिद्धांतों और श्रेयस्कर व्यक्तित्व के निर्माण एकाग्रता, ध्यान और इंद्री-संयम जैसे जीवन सूत्र अपनाने वाले युवा-जन ही अप्रितम राष्ट्रबोधी भावना के साथ देश-धरती को आगे, आगे और आगे बढ़ा सकते है। आईये यूरोप-अमेरिका और संपूर्ण विश्व को भारतीय वेदांत और विश्व बंधुत्व की अतिशय शुभ मंगलकारी सतनातनी दर्शन का प्रत्यक्ष बोध कराने वाले महान युवा संत एवं ओजस्वी विचार वेत्ता स्वामी विवेकानंद जी की 162 वीं जयंती दिवस पर हम सभी जन-जन राष्ट्रहित सर्वोपरि की अनुपम भावना-कामना को लेकर राष्ट्रसेवा हेतु संकल्पित हों। और माँ भारती को पुन: विश्व गुरू पद पर आसीन करने हेतु मनसा-वाचा-कर्मणा से पहल प्रयास करते रहे। यही स्वामी जी के प्रति सत्य, सार्थक-श्रेयष्कर श्रद्धांजलि होगी।

# ब्राह्मण समाज के युवक युवती एवं पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन आयोजित



**रायपुर( नांदगांव टाइम्स )।** अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा युवक युवती कात्यायनी एवं पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन के सफल आयोजन विप्र भवन समता कॉलोनी में आयोजित हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद दुबे,मृत्युंजय दुबे,अविनाश शुक्ला,अरुण शुक्ला,भगवती शर्मा थे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी एवं चित्रा तिवारी ने किया। सनातनी परम्परा अनुसार कार्यक्रम की शुरुआत भगवान परशुराम के षोडशोपचार पूजन एवं दीप प्रज्वलन से हुआ । प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने अध्यक्षीय उद्बोधन में संगठन द्वारा आयोजित समाज उत्थान हेतु किए जाने वाले कार्य पर प्रकाश डालते हुए वैवाहिक रिश्ते में होने वाली परेशानी को दूर करने हेतु युवक युवती कात्यायनी एवं पुनर्विवाह परिचय सम्मेलन को अति आवश्यक बताया । उपरोक्त परिचय सम्मेलन में राजस्थान महाराष्ट्र ,उत्तर प्रदेश ,मध्य प्रदेश,उड़ीसा बिहार सहित छत्तीसगढ़ के सभी वर्ग के ब्राह्मण सम्मिलित हुए । कार्यक्रम में लगभग 600 युवक युवती कात्यायनी एवं परित्यकता ने रजिस्ट्रेशन कराया लगभग 150 रिश्ते की चर्चा हुई ।कार्यक्रम को सफल बनाने ने डॉक्टर एस के मिश्रा,श्रीमती चित्रा तिवारी,श्रीमती ऊषा तिवारी ,श्रीमती सविता मिश्रा,श्रीमती उमा तिवारी,अशोक बनर्जी,मोहित मिश्रा,सावित्री दुबे,अमित मिश्रा,प्रदीप मिश्रा,श्रीमती निवेदिता मिश्रा,श्रीमती आभा शर्मा, सुभद्रा तिवारी,साधना शुक्ला,श्रीमती मल्लिका मिश्रा,श्रीमती यश प्रभा पांडेय,श्रीमती लता पांडेय,श्रीमती भारती तिवारी,श्रीमती भारती अवतार शर्मा,राहुल पांडेय,अनिल शर्मा,अनिल दुबे,लक्की दुबे,आरती शर्मा,विनय दुबे,उमेश पाणिग्रही,आकाश शर्मा,जितेंद्र दुबे,अविनाश मिश्रा,अवधेश धर दीवान,प्रतीक तिवारी बंटी शर्मा,त्रिभुवन तिवारी,आदि उपस्थित थे । कार्यक्रम के सफल संचालन राजकुमार व्यास एवं आभार प्रदर्शन डॉक्टर मल्लिका मिश्रा ने किया ।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा काली पट्टी बांधकर किया विरोध प्रदर्शन

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** विगत 5 वर्षों से वेतन वृद्धि न होने पर छत्तीसगढ़ सेजेस टीचर्स एंड एम्पलाइज वेलफेयर एसोसिएशन के आवाहन पर जिले के समस्त स्वामी आत्मानंद स्कूलों के शिक्षकों द्वारा काली पट्टी बांधकर एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया गया । संघ के अध्यक्ष विकास तिवारी, महासचिव अरुण मिश्रा एवं प्रदेश सहसचिव हर्षवीर वैष्णव ने बताया कि वर्ष 2023 में तात्कालीन मुख्यमंत्री महोदय द्वारा समस्त विभागों मे कार्यरत संविदा कर्मियों के वेतन मे 27 त्न की वेतन वृद्धि की गई थी किन्तु आज पर्यंत तक स्वामी आत्मानंद विद्यालयों मे कार्यरत शिक्षकों के वेतन मे कोई बढ़ोत्तरी नहीं की गई है जबकि शिक्षा विभाग में कार्यरत अन्य संविदाकर्मियों के वेतन में 27त्न की वृद्धि की गई है 7 इस हेतु अनेकों बार शासन प्रशासन के समक्ष ज्ञापन सौंप अपनी मांग से अवगत कराया गया किन्तु कोई निर्णय नहीं लिया गया 7 अत: विवश होकर सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा शनिवार को कार्यस्थल पर विरोध स्वरूप काली पट्टी बांधकर कार्य किया गया एवं शासन से वेतन वृद्धि की मांग की गई जिसका समर्थन छत्तीसगढ़ पेरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिस्टोफर पॉल एवं छत्तीसगढ़ सर्व विभागीय संविदा कर्मचारी महासंघ द्वारा भी किया गया।



## सुनय नहीं....

येमन कहिथे वो मन कहिथे, बात ल हमर सुनय नही।
सार बात ल कतको बताबे, बात ल कोनो गुनय नहीं।।
ऊँचहा बोली कोनो-कोनो फेर,ऊँचहा बात ल सब सुनथे।
देखत हें सब करम धरम,कहिबे झन कोनो गुनय नहीं।।
हाथ-हाथ म कैंची धरहा,दरकत काबर कोनो तुनय नहीं।
रोवत बइठे हे ताना-बाना, काबर कोनो ह बुनय नहीं।।
करजा म हवे मुस्कान इँहा,सबो हाँसी ठिठोली बाढ़ी म।
कोन ल काबर कतेक सुनाबे,अपनेच हिरदे सुनय नही।
रास सार के पाछू बाँचे फेर,खखरा बोदरा फुनय नहीं।
दगादारी के हवा फुर-फुर,सिरतो मया ल चुनय नहीं।
तन के संग मन घुना खाथे,हाँसत चेहरा मन भरमाथे।
तन बीमार बर दवा बूटी, झन कहिबे मन घुनय नहीं।



**रोशन साहू**
**'मोखला'(राजनांदगांव)**
**7999840942**

# जूजित्सू एशियन यूथ चैंपियनशिप हेतु भारतीय टीम का चयन




**राजनांदांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बैंकॉक थाईलैंड मैं दिनांक 13 फरवरी से 16 फरवरी 2025 तक होने वाली द्वितीय जूजित्सू एशियन यूथ चैंपियनशिप हेतु भारतीय टीम का चयन दिनांक 12 जनवरी 2025 को नोएडा उत्तर प्रदेश में रखा गया है जिसमें वसुंधरा जूजित्सू अकेडमी डोंगरगढ़ के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाडी वेदांश मोहने पिता राजेश मोहने का चयन छत्तीसगढ़ से हुआ है। अकेडमी के मुख्य कोच श्री राणा अजय सिंह जानकारी दी की भारतीय टीम का चयन 14 वर्ष 16 वर्ष एवं 18 वर्ष बालक बालिका समूह में पांच अलग-अलग इवेंट में किया जाना है। डोंगरगढ़ से इससे पूर्व राणा वसुंधरा सिंह का चयन भारतीय टीम में वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए हुआ था। जिलाध्यक्ष श्री विवेक मोनू भंडारी सचिव श्री तरुण वरकड़े श्री प्रकाश चौरड़िया श्री सुनील जैन श्रीमती पूनम टेंभुरकर श्री त्रिलोक जम्भूलकर श्री चंद्रहास साहू श्री निसार अब्बास आदि ने वेदांश को आशीर्वाद प्रदान किया कि आपका चयन भारतीय दल में अवश्य हो जिससे पूरे प्रदेश का नाम रोशन हो सके।

# छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ के दुर्ग संभाग स्तरीय बैठक 15 जनवरी को



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ मछुआ महासंघ प्रांताध्यक्ष एम. आर. निषाद के नेतृत्व में मछुआ महासंघ अपनी दो प्रमुख मांगो को लेकर विगत कई वर्षों से आंदोलनरत है जिसमें एक मांग नवीन मछली नीति कृषि का दर्जा के साथ पूरी हो चुकी है, दूसरी प्रमुख मांग केवट, धीवर, कहार, कहरा, मल्लाह, जाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करवाना जिसका प्रस्ताव पूर्ववर्ती भाजपा सरकार द्वारा मई 2008 में पारित कर केन्द्र शासन को भेजा जा चुका है जो कि गलत नृजाती सर्वेक्षण रिपोर्ट के कारण लंबित है। भक्तशिरोमणि श्री श्री गुहा निषादराज जयंती के अवसर पर आगामी 31 जनवरी 2025 को दुर्ग में संभाग स्तरीय विशाल मछुआरा सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, अत: इसी संबंध में सम्मेलन को सफल बनाने एवं रणनीति तैयार करने के लिए दिनांक 15 जनवरी 2025, दिन बुधवार, समय पूर्वाह 11:30 बजे स्थान गंज मंडी जिला दुर्ग में बैठक आयोजित किया गया है । मछुआ कल्याण समिति जिलाध्यक्ष छगन लाल निषाद, जिलाध्यक्ष दुरुपद मुन्ना निषाद, प्रदेश सचिव गिरधर निषाद ने मछुआ महासंघ की एकीकृत मंच केवट, धीवर, कहार, कहरा मल्लाह, समाज के प्रदेश, संभाग, जिला, पाली, परगना अध्यक्षों को इसका व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए अपने क्षेत्र से अधिक से अधिक संख्या में स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति की अपील की है ।

## इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ स्कूल बच्चे भ्रमण पर आए जिन्हें यातायात के संबंध में विभिन्न जानकारी दिया गया

**खैरागढ़ ( नांदगांव टाइम्स )।** पुलिस अधीक्षक खैरागढ़-छुईखदान-गंडई श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमान त्रिलोक बंसल,के



मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतिश कुमार गौतम के दिशा निर्देश में थाना प्रभारी शक्ति सिंह वह स्टाफके साथ इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ मे ग्राम तिलाई राजनादगांव एवं बेरला बेमेतरा के विद्यार्थी लगभग 250 बच्चों को यातायात नियम के संबंध में विभिन्न जानकारी दिया गया जिसमें बच्चों को नाबालिक लोगों को मोटरसाइकिल नहीं चलाने व बिना लाइसेंस के नहीं चलने की जानकारी दिया गया व शहर में स्पीड बाइक एवं बिना हेलमेट नहीं चलने की भी जानकारी दे कर अपने पालको को भी जागरूक करने समझाश दिया गया यातायात नियम का पालन करें आम-जन को सुरक्षित परिवहन उपलब्ध कराने एवं आम-जन में यातायात नियमो के पालन हेतु यातायात पुलिस खैरागढ़ का अभियान जारी है।

## धर्म समाचार....


# लोहड़ी के दिन इन कामों को करने से जीवन में आ सकती है समस्या, जानें क्या करें और क्या न करें




लोहड़ी का पर्व मुख्य रूप से सिख और हिंदू समुदाय के लोग बेहद उत्साह के साथ मनाते हैं। इस त्योहार को हर साल 13 जनवरी को मनाया जाता है। लोहड़ी से फसलों की कटाई की शुरुआत होती है। इसी वजह से इस पर्व को फसलों की कटाई का जश्न मनाने के लिए भी मनाया जाता है। यहां जानें लोहड़ी से जुड़े नियम। लोहड़ी के पर्व को हर साल मकर संक्रांति से एक दिन पहले देशभर में मनाया जाता है। इस पर्व के आने का लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस शुभ अवसर पर लोग एक जगह इकट्ठा होते हैं और अग्नि जलाकर उसमें मूंगफली, खील, गेहूं की बालियां और रेवड़ी अर्पित करते हैं। लोहड़ी के शुभ अवसर पर कुछ कामों को करने से बचना चाहिए। मान्यता है कि इस दिन नियम का पालन न करने से व्यक्ति को जीवन में कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए लोहड़ी से जुड़े नियम का पालन जरूर करें। ऐसे में आइए इस आर्टिकल में जानते हैं कि लोहड़ी के दिन क्या करें और क्या न करें? लोहड़ी के दिन क्या करें - किसी भी पर्व के दौरान दान करना शुभ माना जाता है। मान्यता है कि सच्चे मन से दान करने से अन्न और धन की कमी नहीं होती है। ऐसे में लोहड़ी के अवसर पर रेवड़ी और मूंगफली का दान करें। ऐसा करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। सनातन धर्म में अग्नि को शुभता और पवित्रता का प्रतीक माना गया है, तो ऐसे में लोहड़ी के दिन अग्नि की पूजा करें। इस दौरान जीवन में सुख-समृद्धि में वृद्धि के लिए कामना करें। अगर आप लंबे समय से आर्थिक तंगी का सामना कर रहे हैं, तो लोहड़ी के दिन लाल रंग के कपड़े में गेहूं बांधकर दान करें। इससे आर्थिक स्थिति में सुधार होता है। इसके अलावा लोहड़ी के दिन सात्विक भोजन का सेवन करना चाहिए। लोहड़ी के दिन तामसिक भोजन चीजों का सेवन भूलकर भी नहीं करने चाहिए। बातचीत के दौरान किसी से वाद-विवाद न करें। बड़े-बुर्जुगों और महिलाओं का अपमान करें। गंदे वस्त्र पहनने से बचना चाहिए। काले वस्त्र धारण नहीं करने चाहिए। लोहड़ी कि अग्नि में अर्पित करने वाली चीजों को झूठा नहीं करने चाहिए। ऐसा करने से पूजा का पूर्ण फल प्राप्त नहीं होता है।



## जल्द शुरू हो रहा है माघ का महीना, नोट करें व्रत-त्योहारों की लिस्ट




माघ माह में जीवन के पापों से छुटकारा पाने के लिए बेहद शुभ माना जाता है क्योंकि इस माह में गंगा स्नान करने का अधिक महत्व है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस माह में श्रीहरि मां लक्ष्मी और सूर्य देव की पूजा करने से जातक को सुख-समृद्धि और ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है। आइए जानते हैं इस माह में कौन-से व्रत और पर्व मनाए जाएंगे। धर्म डेस्क, नई दिल्ली। जल्द ही माघ माह की शुरुआत होने जा रही है। इस माह में भगवान विष्णु की पूजा और गंगा स्नान करने का विशेष महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इन शुभ कामों को करने से जातक को सभी पाप से छुटकारा मिलता है। इस माह में कई महत्वपूर्ण व्रत और पर्व मनाए जाते हैं, जैसे- बसंत पंचमी, षटतिला एकादशी, गुप्त नवरात्र शामिल है। इन सभी त्योहार का खास महत्व है। अब ऐसे में माघ माह की शुरुआत होने जा रही है, तो आइए जानते हैं माघ महीने में पड़ने वाले व्रत-त्योहारों के बारे में। पंचांग के अनुसार, हर साल माघ माह की शुरुआत मकर संक्रांति के दिन से होती है। माघ माह का प्रारंभ 14 जनवरी से होगा। वहीं, इसका समापन अगले महीने यानी 12 फरवरी को होगा।

**माघ माह 2025 के व्रत और पर्व की लिस्ट**- 14 जनवरी को मकर संक्रांति और पोंगल का पर्व मनाया जाएगा। 15 जनवरी को बिहू है। 17 जनवरी को सकट चौथ और लम्बोदर संकष्टी चतुर्थी है। इस दिन भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। 21 जनवरी को कालाष्टमी है। 25 जनवरी को षटतिला एकादशी का व्रत किया जाएगा। 27 जनवरी को मासिक शिवरात्रि और प्रदोष व्रत है। 29 जनवरी को माघी अमावस्या और मौनी अमावस्या का पर्व मनाया जाएगा। 30 जनवरी से माघ गुप्त नवरात्र शुरू होगी ।01 फरवरी को विनायक चतुर्थी व्रत किया जाएगा। 02 फरवरी को बसंत पंचमी है। 04 फरवरी को नर्मदा जयंती मनाई जाएगी। 08 फरवरी को शुक्ल पक्ष में जया एकादशी व्रत किया जाएगा। 09 फरवरी को शुक्ल पक्ष का प्रदोष व्रत किया जाएगा। 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा व्रत, कुंभ संक्रांति और गुरु रविदास जयंती है। **माघ माह में करें ये उपाय**- माघ माह के हर शनिवार को काली उड़द और काले तिल दान में दें। माना जाता है कि इस उपाय करने से भगवान शनि देव की कृपा प्राप्त होती है। साथ ही आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है। माघ माह में प्रतिदिन शिवलिंग का काले तिल और जल से अभिषेक करें। इस दौरान निम्न मंत्र का जाप करें। मान्यता है कि ऐसा करने से इंसान को रोग से छुटकारा मिलता है।

nandgaon times jan-13-2.qxd 1/12/2025 10:56 PM Page 4




- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बैट, टी-टी बैट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971




# खनिज विभाग और राजस्व विभाग की मिली भगत से रेत मुरम भारी वाहनों में निकाल रहे हैं

## डोंगरगांव क्षेत्र के बिजेभाटा, मारगांव व गिरगाँव बना मुरूम माफियाओं का गढ़, अवैध रूप से रेत मुरम चोरी दिन रात कर रहे है

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत डोंगरगांव क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में रेत मुरूम का अवैध उत्खनन और परिवहन धड़ल्ले से जारी है. क्षेत्र में बड़ी संख्या में मुरूम खदान है किन्तु एक भी शासन से स्वीकृत नहीं है. ऐसे में हाईवा जैसे गाडियों में मुरूम का परिवहन राजस्व विभाग एवं खनिज विभाग पर अनेक सवाल खड़ा करता है. चुनाव की गहमागहमी और तैयारियों के चलते शासन-प्रशासन के सभी विभाग काफी व्यस्त दिखाई पड़ते हैं और कार्यवाही के अभाव में रेत मुरूम के अवैध धंधे में लगे लोग बेखौफ होकर अपना व्यापार कर रहे हैं.

मीडिया की टीम के पड़ताल और इस धंधे से जुड़े लोगों से जानकारी लेने पर पता चला कि अधिकांश खदानों से देर रात्रि मुरूम निकाला जा रहा है, वहीं अब मुरूम का अवैध व्यापार करने वाले कुछ नुमाइंदे राजनीतिक संरक्षण के चलते किसानों को टारगेट कर रहे हैं और इस धंधे से जुड़े लोग अब किसानों को अपना निशाना बना रहे हैं और नया खेल प्रारंभ कर दिया है. किसानों के खेतों बड़ी बड़ी भारी मशीन उतारकर ऊपरी मिट्टी हटाकर 10-15 फीट तक मुरूम निकाला जा रहा है. जब एक किसान का खेत काफी गहरा हो जाता है तब समीपस्थ किसानों की भी मजबूरी होती है और न चाहते हुए भी उन्हें भी अपने खेत को गहरा करवाने के लिए मुरूम का उत्खनन करवाना पड़ता है. मुरूम उत्खनन के इस धंधे से जुड़े लोग किसानों की मजबूरी का फायदा जमकर उठा रहे हैं. सिंडीकेट बनाकर अवैध ढंग से मुरूम रेत उत्खनन और परिवहन के चलते जहाँ सरकार को राजस्व का बड़ा नुकसान हो रहा है, वहीं भारी वाहन चलने से ग्रामीण क्षेत्रों के सड़कों का हाल भी काफी बुरा हो चला है.



**आखिर जिम्मेदारी किसकी ? :**

डोंगरगांव क्षेत्र में अब तक एक भी स्वीकृत मुरूम खदान नहीं है किन्तु ग्रामीण क्षेत्रों में कई एकड़ की जमीनों पर लगातार हो रहे गहरे गड्ढे अवैध उत्खनन के बड़े सबूत हैं जो कि आज भी मौका मिलते ही बड़ी-बड़ी गाडियाँ लगाकर मुरूम का दोहन कर लिया जाता है. इसका बड़ा उदाहरण मारगाँव और गिरगांव की पहाडियों से लगे मुरूम खदान हैं, वहीं मारगांव के अनेक किसानों के खेतों में बड़े गहरे गड्ढे इस बात का सबूत है. आखिर शासन-प्रशासन के नुमाइंदों और जनप्रतिनिधियों को इसकी जानकारी कैसे नहीं है. ग्राम के सचिव, पटवारी, कोटवार, ग्राम पटेल सहित ग्राम के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य, विधायक प्रतिनिधियों की जिम्मेदारी कौन तय करेगा. सूत्रों की मानें तो खनिज संपदा के दोहन में जनप्रतिनिधियों का पहले ही पच्चीस टका में सौदा हो जाता है. जिसके बाद खनिज माफिया बेधड़क, बेरोकटोक खदानों से खनिजों का दोहन करते हैं. इस मामले में एक बात और सामने आई कि पंचायत प्रतिनिधियों या जागरूक ग्रामीणों व्दारा यदि अधिकारियों को सूचना देकर कार्यवाही की मांग की जाती है खनिज विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों व्दारा टालमटोल कर खनिज विभाग का मामला बताकर पल्ला झाड़ लेते हैं जबकि खनिज विभाग की कार्यवाही किसी से छिपी नहीं है.अब देखना है कि लगातार हो रही अवैध रेत मुरम पर राजस्व विभाग और खनिज विभाग किस तरह से कार्यवाही करती हैं इस अवैध रेत मुरम के बारे में डोंगरगांव के स्थानीय राजस्व अधिकारी को दो से तीन बार फोन लगाया गया लेकिन फोन रिसीव नहीं किया गया एक ओर खनिज विभाग के अधिकारी से चर्चा किया गया तो शीघ्र ही कार्यवाही करने की बात कही है।

## खेल से शारीरिक विकास के साथ सामाजिक विकास भी होता है - शीला सिन्हा

**खैरझिटी स्कूल में हुवा आयोजन**

**उपरवाह ( नांदगांव टाइम्स )।** शास. हायर सेकेण्डरी स्कूल खैरझिटी में तीन दिवसीय वार्षिक खेल उत्सव व युवा प्रतिभा सम्मान का कार्यक्रम का आयोजन 9 जनवरी से 11 जनवरी तक किया गया। इस तीन दिवसीय खेल आयोजन में बच्चों द्वारा कबड्डी , खो खो , गोला फेक , रस्सी दौड़ , जलेबी दौड़ जैसे अनेको खेल खेले गए। आज 11 जनवरी को समापन व पुरुस्कार वितरण का कार्यक्रम हुवा जिसके मुख्य अतिथि क्षेत्र क्रमांक 10 के जनपद सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा थे। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम सरस्वती माता व डॉ भीमराव अम्बेडकर की पूजा अर्चना कर शुभारम्भ किया। स्कूल के प्राचार्य डॉ इंदुमती मिश्रा ने स्वागत भाषण कर खेल के बारे में बताया साथ हीं स्कूल के समस्याओं से भी अवगत कराया। मुख्य अतिथि श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने अपने उदबोधन में कहा की खेल से शारीरिक विकास हीं नहीं बल्कि समाज गाँव जिला राज्य का भी विकास होता है। शिक्षा के साथ साथ खेल भी हमारे जीवन में अवश्यक है। खेल से हमे नई ऊर्जा मिलती है। हार से किसी को नाराज नहीं होना चाहिए बल्कि और मेहनत कर आगे बढ़ते रहे जीत अवश्य मिलेगी। जनपद सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा ने स्कूल में बालक शौचालय व मैदान समतलीकरण करने की घोषणा की जिस पर शाला परिवार व ग्रामवासियो ने धन्यवाद ज्ञापित किया है। ततपश्चात उत्कृष्ट खिलाड़ियों व विजेताओं को अतिथिओ द्वारा पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष तारण साहू , मानदास साहू , तिलेश्वर सिन्हा , राधेलाल ठंडन , याशमीन अंजुम , पुराण सिन्हा , कमला देवदास , नेतराम सिन्हा , चुम्मान वर्मा , दिलीप वर्मा , विनीत रंजम सहित शिक्षकगण व छात्र छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## दो दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 13 व 14 को

**मेंढ़ा ( डोंगरगढ़ ) ( नांदगांव टाइम्स )।** ग्राम मेंढ़ा में प्रति वर्ष के भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दो दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन 13 व 14 जनवरी 2025 को मां शीतला प्रांगण में रखा गया है। इस सम्मेलन में 13 जनवरी को श्री सबरी मानस मंडली पानबरस (आहिवारा ), स्वरांजली मानस मंडली खुरसुल (अर्जुंदा), रघुनायक मानस मंडली परसही (उतई ), रामस्वरूप पंडवानी पार्टी जोशीलमती (गेंदाटोला ), समर्पण बालिका मानस मंडली (रायपुर), नवदुर्गा मानस मंडली आमगांव (डोंगरगांव) व 14 जनवरी को स्नेहदीप मानस परिवार खिलोरा (रायपुर), सीताश्री महिला मानस परिवार सिंगदेही (मखारा), दाई के दुलार मानस मंडली कन्हरपुरी (गुरुर), जय मां शीतला छत्तीसगढ़ी पंडवानी पार्टी राजपुर छुरा (गरियाबंद), पारसमणी मानस परिवार पुरानी बस्ती (रायपुर) जन मानस के समक्ष अपनी प्रस्तुति देगी। आयोजक समिति एवं समस्त ग्रामवासी के प्रमोद वैष्णव, हरि राम कंवर अध्यक्ष साहेब दास सिरदार ने अपील की है अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्येक्रम को सफल बनाए।

## स्वास्थ्य शिविर में उत्कृष्ट योगदान दिलीप भीमटे हुए सम्मानित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला आयुर्वेद औषधालय सेवक दिलीप भीमटे को स्वास्थ्य शिविर 11 जनवरी 2025 हजरत बाबा सैय्यद अटल शाह र.अ.के विशेष योगदान हेतु श्री दिलीप भीमटे औषधालय सेवक को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया।यह संप्रेम भेंट मीनजानीब - इंतेजामीया कमेटी रानी सागर दरगाह शरीफद्वारा प्रदान किया गया।



# भाजपा सरकार पिछड़ा वर्ग को 50 प्रतिशत आरक्षण देने के वादे से मुकरा

**प्रदेश में पिछड़ा वर्ग की जनगणना केवल दिखावा था**

**साय सरकार ने पहले से तय कर लिया था निकाय और पंचायतो को प्रशासक के माध्यम से सरकार चलाने अशोक फडणवीस**

**राजनादगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** प्रदेश की भाजपा सरकार निकाय चुनाव लेकर घबराहट है इसलिए टालने का बहना ढूंढ रही थीं।पिछड़ा वर्ग को निकायों में 50त्न आरक्षण देने की बात प्रदेश भर में करते रहे बाकायदा प्रदेश के कर्मचारियों को सर्वे कराने लगा दिए कई दिनों तक सर्वे चला किंतु आज तक सूची सार्वजनिक नहीं हो पायी। भाजपा सरकार पर पिछड़ा वर्ग ने विश्वास किया प्रदेश की सबसे अधिक संख्या जनसंख्या वालो को 50 त्न आरक्षण का लाभ मिलेगा, निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय में उसकी कथनी और करनी का आचरण स्पष्ट दिखाई दिया। अब नया नियम लेकर आ गए वन नेशन वन इलेक्शन नगरीय निकाय व त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव एक साथ कराएंगे उसमें भी फेल होते दिख रहे है सामने बोर्ड परीक्षा है कुल मिलाकर प्रशासक के माध्यम से सरकार चलाने की इनकी मंशा है । अशोक फड्नवीस ने कहा कि भाजपा सरकार अपने ही पार्टी के जमीनी कार्यकर्ताओं को नगरीय निकायों में एल्डरमैन की अब तक नहीं बना पा रही है एक वर्ष से अधिक हो चुका है उनके हक को मार रही है निगम मडलों में स्थान देने पीछे हट रही है तो आम जनों के लिए कैसे हित की बात कर सकती है पार्षदों की निधि पूरी नहीं दे पाई छोटे छोटे काम पार्षद अपने निधि से कार्य करते है उनका कार्यकाल भी खत्म हो चुका है पूरी निधि नहीं मिली। रोज नियम बदलते रोज तोड़े जाते है सरकार काम काज कैसे करें यह समझ नहीं आ रहा कभी मतदान मत पेटी तो कभी द्द1द्व से निकाय कराएंगे केवल समय पास कर रही है सरकार में प्रशासन भी असमंजस की स्थिति में अपना काम काज कर रहे है। विगत छै माह पूर्व बड़े ताम झाम से वार्डो में जन समस्या शिविर लगाया गया था समस्या का समाधान किया जाएगा लोगो के आवेदन तो लिए गए निराकरण के पूर्व ही समस्या निवारण पोर्टल बनाया गया था वह भी एक सप्ताह के भीतर राज्य सरकार ने पोर्टल बंद कर दिया गया । कुल मिलाकर देखा जाए तो सरकार सभी क्षेत्र में फेलवर है।



# मोटरसाइकिल से शराब तस्करी : आरोपी बंदी

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** बसंतपुर थाना पुलिस ने नंदई मोहारा रोड में भारी मात्रा में अवैध शराब पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी अनुसार आरोपी मोटरसाइकिल में शराब परिवहन कर रहा था। पुलिस शराब के साथ मोटरसाइकिल को जब्त कर आगे की कार्यवाही कर रही है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत 10 जनवरी 2025 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल बिजली ऑफिस के सामने मोहरा रोड के पास राजनांदगांव में आरोपी अजय निषाद पिता राम किशुन निषाद उम्र 28 वर्ष वार्ड नंबर 51 ग्राम हल्दी थाना बसंतपुर के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री करने के लिए ले जाते हुए 100 पौवा देशी प्लेन मदिरा मात्रा 18.000 बल्क लीटर किमती 9000 रूपये व एक्टिवा मोटरसाइकिल को जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पाये जाने से अपराध क्रमांक 16/2025 धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया, आरोपी का जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। आगे भी असमाजिक तत्वों एवं अवैध रूप से शराब बिक्री में संलिप्त लोगों के खिलाफ लगातार कार्यवाही जारी रहेगी। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, सहायक उपनिरीक्षक गोवर्धन देशमुख आरक्षक आदित्य सोलंकी , राजेश बन्देश्वर एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



# पिछड़ा वर्ग को राजनीतिक अधिकारों से वंचित करने की साजिश: विष्णु लोधी

**छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग की उपेक्षा: जिला पंचायत अध्यक्ष आरक्षण में शून्य भागीदारी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिला पंचायत अध्यक्ष पदों के लिए घोषित आरक्षण सूची में पिछड़ा वर्ग के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं की गई है। इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा, यह पिछड़ा वर्ग के संवैधानिक अधिकारों और उनकी लोकतांत्रिक भागीदारी पर सीधा प्रहार है। जब प्रदेश की 50त्न से अधिक आबादी पिछड़ा वर्ग से संबंधित है, तो उनका जिला पंचायत अध्यक्ष पदों में प्रतिनिधित्व शून्य रखना न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि समाज में असमानता और असंतोष को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने आगे कहा, पिछड़ा वर्ग समाज की रीढ़ है। उनका विकास और प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करना सरकार की नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। यह आरक्षण व्यवस्था केवल पिछड़ा वर्ग की अनदेखी नहीं है, बल्कि उनके सामाजिक और आर्थिक विकास को बाधित करने का प्रयास है। हम सरकार से अपील करते हैं कि इस फैसले पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए और पिछड़ा वर्ग को उनकी जनसंख्या और योगदान के आधार पर आरक्षण प्रदान किया जाए। विष्णु लोधी ने स्पष्ट किया कि यदि इस अन्यायपूर्ण निर्णय पर सरकार ने तुरंत सुधारात्मक कदम नहीं उठाए, तो पिछड़ा वर्ग अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करने के लिए बाध्य होगा।



# दक्ष वैद्य ने मंत्री कश्यप से सहकारिता के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जाने की रखी मांग

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** भाजपा युवा नेता एवं छात्र ब्रिगेड हिन्द सेना समाजसेवी संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष दक्ष वैद्य ने छत्तीसगढ़ शासन के वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं छात्रों, युवाओं के अधिकारों एवं हित सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। कानून की पढ़ाई कर रहे युवा नेता दक्ष वैद्य ने रायपुर स्थित मंत्री निवास में वन, जलवायु परिवर्तन, सहकारिता एवं जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप से भेंट कर उनका अभिनंदन किया।तत्पश्चात सियासी और विभागीय उपलब्धियों पर लंबी चर्चा का सिलसिला शुरू हुआ। दक्ष ने मंत्री केदार कश्यप के समक्ष खुशी जताते हुए कहा कि आपके वन मंत्री बनने के बाद छत्तीसगढ़ के जंगल गुलजार और आबाद हो रहे हैं। अचानकमार अभ्यारण्य और आसपास के जंगलों में तथा सुकमा के कोंटा इलाके के जंगलों में बाघों की मौजूदगी, कांकेर एवं धमतरी जिलों के जंगलों में भालुओं का स्वच्छंद विचरण इस बात के सबूत हैं कि जंगली जानवरों को भी हमारे मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी और वन मंत्री केदार कश्यप जी का सुशासन भा गया है। दक्ष की इस बात पर मंत्री कश्यप ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के जंगलों में वन्य प्राणियों के लिए अनुकूल माहौल तैयार किया हैं। दक्ष वैद्य ने सहकारिता के क्षेत्र में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह एवं राज्य के सहकारिता मंत्री केदार कश्यप द्वारा सहकार से समृद्धि के ध्येय वाक्य के साथ किए जा रहे कार्यों का जिक्र किया। दक्ष ने कहा कि राज्य में सहकारिता आंदोलन मजबूत हुआ है। किसानों, मछुआरों, महिलाओं, बुनकरों आदि के कल्याण के लिए आपके द्वारा उठाए गए कदमों एवं शुरू की गई योजनाओं के अच्छे नतीजे सामने आने लगे हैं। मछुआरों की आय में वृद्धि हो रही है,महिलाएं आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हैं, किसानों की आय दुगुनी करने में आपकी स्कीम बड़ा योगदान दे रही है और बुनकरों का भी जीवन स्तर सुधर रहा है। दक्ष वैद्य ने मंत्री श्री कश्यप से आग्रह किया कि सहकारिता के क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी बढ़ाई जानी चाहिए, पर्यावरण संरक्षण में भी युवाओं से रचनात्मक सहयोग लेकर उन्हें आर्थिक मदद दी जानी चाहिए। सिंचाई सुविधाओं का उल्लेख करते हुए दक्ष वैद्य ने कहा कि साय सरकार के आने और आपको जल संसाधन विभाग का दायित्व मिलने के बाद छत्तीसगढ़ में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार,नहर लाइनिंग कार्य,नहरों के रख रखाव एवं मरम्मत पर पूरा ध्यान दिए जाने से सिंचाई रकबा बढ़ा है। किसान अब दोहरी फसल ले पा रहे हैं, हमारी सरकार कृषि उपजों की वाजिब कीमत दे रही है, इससे किसानों के जीवन में खुशहाली आई है। सुशासन की अच्छी तस्वीरें सामने आने लगी हैं। किसानों, मछुआरों, महिलाओं, वनवासियों और सहकारी समितियों के उत्थान के लिए उल्लेखनीय कार्य करने पर दक्ष वैद्य ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय तथा मंत्री केदार कश्यप का आभार प्रकट किया। इसके साथ ही दक्ष वैद्य ने मंत्री केदार कश्यप से छात्र छात्राओं एवं युवाओं के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की और सुझाव भी दिए। मंत्री केदार कश्यप दक्ष से कहा कि आपके विचार एवं सुझाव सराहनीय हैं और इन पर अमल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा।



**वनवासियों, किसानों, युवाओं, मछुआरों के हितों से जुड़े मुद्दों पर की चर्चा**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com